Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 10-09-2022 | अंक 340

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# रचनात्मक प्रदर्शनी से बच्चों की रचनात्मकता प्रदर्शित होती है : अशोक सिंह

## डीएवी पब्लिक स्कूल बरही मेंरचनात्मक प्रदर्शनी का आयोजन, बच्चों ने स्वयं बनाए प्रोजेक्ट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


दीप प्रज्वलित करते डी एस डॉ प्रकाश ज्ञानी


कार्यक्रम का उद्घाटन करते डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी एवं अन्य


प्रदर्शनी कार्यक्रम का मुवायना करते प्राचार्य अशोक सिंह


बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में डीएवी बच्चों के द्वारा बनाई गई विज्ञान, कला एवं वाणिज्य से संबंधित रचनात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, हिंदी, आंग्ल भाषा ,संस्कृत, गणित विषयों पर बच्चों ने अपनी रचनात्मक सोच को विभिन्न प्रकार के मॉडल और परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, कल्याणी सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उसके बाद कार्यक्रम में पहुंचे बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, किशुन यादव(जिला परिषद उपाध्यक्ष), डिग्री कॉलेज के उप प्रधानाचार्य डॉक्टर संजय वर्णवाल, इंग्लिश विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर अजय प्रताप सिंह, इतिहास विभाग के डॉक्टर संगीता चौधरी, कल्याणी सिंह, अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, इंद्रदेव यादव ,मनोज केसरी तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हरेक प्रदर्शनी विंग का उद्घाटन फीता काटकर किया। विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि यह रचनात्मक प्रदर्शनी बच्चों के रचनात्मक सोच को मूर्त रूप प्रदान कर नए नए आयाम प्रदान करता है। इस तरह के मौके बच्चों को अवश्य मिलनी चाहिए जिसके द्वारा वे अपनी सोच को अपनी कार्यात्मक शैली से पंख प्रदान करते हुए आगे चलकर समाज और देश को दिशा दिखाने में कारगर साबित हो सके। विभिन्न विषयों में प्रस्तुत किए गए मॉडल और परियोजनाओं में पर्यावरण के प्रति बच्चों में गहरा लगाव दिखाई दिया। सामाजिक विज्ञान में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ, मृदा अपरदन ,वायु प्रदूषण ,जल प्रदूषण के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाओं से किस प्रकार से निपटा जाए यह भी उनके द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसके अंतर्गत भूकंप, बाढ़, ज्वालामुखी विस्फोट आदि की प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया गया। साहित्य में बच्चों ने व्याकरण के साथ-साथ अंग्रेजी ,हिंदी और संस्कृत में रचनाओं की सुंदर प्रस्तुति की। विज्ञान में बच्चों ने अपने मॉडल के द्वारा आम जनजीवन को बेहतर बनाने के तरीके को विस्तार से बताया। चित्रकला के द्वारा बच्चों ने प्रकृति और मनुष्य के सामंजस्य को स्थापित करते हुए अपनी रचनाएं प्रस्तुत की। गणित विषय में पाइथागोरस, त्रिभुज, चतुर्भुज तथा अन्य विषयों से संबंधित थ्योरम को बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया गया। इस प्रदर्शनी कार्यक्रम को नरसिंह शर्मा ,धर्मेंद्र कुमार, रमेश कुमार, मुकेश कुमार, रेखा सिंह, ललन यादव, आलोक कुमार सिन्हा, रवि उदय सिंह ,मिथिलेश कुमार , राजेश कुमार, रंजीत कुमार , दीपक शरण, राजेश सिन्हा, फूलमती देवी ने सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में अतिथियों को बुके देकर स्वागत किया गया। संचालन राजेश सिन्हा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं की भी महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

---

# बरही प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्र एवं छात्राओं को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में दी जा रही हेल्थ केयर की प्रशिक्षण







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्लस टू उच्च विद्यालय की छात्राएं को स्कूली शिक्षा में जुड़े नए पाठ्यक्रम हेल्थ केयर के ग्यारहवीं एवं बारहवीं के बीस छात्राएं को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो 20 दिनों तक चलेगा। जो 22 अगस्त से इंटर्नशिप प्रशिक्षण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरही में जाकर प्राप्त कर रहे है। हेल्थ केयर के राज्य कोऑर्डिनेटर निर्मल कंचन के मार्गदर्शन में सभी छात्राएं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सक, एएनएम, जीएनएम, और पारा मेडिकल स्टाफ छात्राओं के सुविधानुसार हेल्थ केयर संबंधी जानकारी जैसे इम. रजेंसी, वार्ड, आईपीडी, ओपीडी, ब्लड टेस्ट आदि की जानकारी दे रहे है। प्रशिक्षण में डीएस डॉ० प्रकाश ज्ञानी, लैब टेक्नी. शियन प्रह्लाद कुमार, रेशमी रानी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्राओं के प्रति सराहनीय योगदान दे रहे है। विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार राम एवं हेल्थ केयर की शिक्षिका सुमित्रा साव ने इस नए पाठ्यक्रम को बहुत महत्वपूर्ण बताया साथ ही उन्होंने कहा की प्रशिक्षण के बाद छात्राओं को प्लेसमेंट भी दिया जाएगा। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्राओं में रंजन कुमार, शक्ति कुमार, विक्रम कुमार, शाहीन प्रवीण, एशिया खातून, सहाना खातून एवं निशा कुमारी शामिल है।

---

# पुरानी पेंशन योजना चालू करने पर पशुपालन कर्मियों ने जताया सीएम का आभार

## गौरियाकर्मा में मुख्यमंत्री आभार सभा का आयोजन


आभार सभा में मौजूद लोग

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड की हेमंत सरकार के द्वारा पुरानी पेंशन योजना चालू करने की खुशी में पशु पालन प्रक्षेत्र गोरिया करमा में मुख्यमंत्री आभार सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ संजीव कुमार एवं संचालन डॉ राजीव कुमार भारती ने किया । इस कार्यक्रम में पुरानी पेंशन योजना को चालू करने को लेकर पशुपालन कर्मियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बधाई एवं धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया । डॉ राजीव भारती ने कहा की पुरानी पेंशन योजना को बंद करने से सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी सेवा कर्मियों को काफी परेशानी होने वाली थी। लेकिन झारखंड की हेमन्त सरकार को पेंशन धारियों की समस्या समझ में आई और उन्होंने पुरानी पेंशन योजना को चालू करने का फरमान जारी कर सरकारी कर्मियों को महत्वपूर्ण तोहफा दिया है । इसके लिए हम सभी पशुपालन कर्मी झारखंड सरकार को खासकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साधुवाद देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं । मौके पर डॉ संजीव कुमार, डॉ राजीव भारती, लखन कुमार ठाकुर, सुरेंद्र कुमार यादव, अनिल यादव, दामोदर प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, विकास कुमार, अंकित कुमार, सत्येंद्र कुमार, सीता देवी, उषा देवी, ज्ञानी चौधरी, प्रसादी राणा, संजय विश्वकर्मा, तुलसी कुमार दास सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मुख्यमंत्री से मिले संजय मेहता

### मॉडल यूनाइटेड नेशन कॉन्फ्रेंस के लिए सीएम हेमंत सोरेन ने दी शुभकामनाएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मॉडल यूनाइटेड नेशन कॅन्फ्रेंस दुबई के लिए चयनित संजय मेहता को शुभकामनाएं दी है। संजय मेहता ने सीएम हाउस में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने उनके चयन पर सराहना व्यक्त की. उन्होंने कहा कि यह बहुत हर्ष का विषय है कि झारखंड का नौजवान दुबई की धरती पर झारखंड एवं देश का प्रतिनिधित्व करेगा। हौसला अफजाई के लिए मुलाकात के दौरान सीएम ने संजय मेहता के साथ भारतीय तिरंगे के साथ तस्वीरें भी खिंचवाई। इस दौरान मांडर से विधायक शिल्पी नेहा तिर्की भी सीएम हेमंत सोरेन के साथ मौजूद थी. उन्होंने भी संजय मेहता को शुभकामनाएं दी है। यह क०न्फ्रेन्स 16 से 19 सितंबर 2022 को दुबई के डबल ट्री बाय हिल्टन एम स्क्वेर में आयोजित होगा। कॉन्फ्रेन्स में संयुक्त राष्ट्र के ग्लोबल एजेंडा एवं लक्ष्यों के बिंदुओं पर अलग – अलग देशों के प्रति. निधियों के बीच चर्चा – परिचर्चा का सत्र आयोजित किया जाएगा। जहाँ विभिन्न देशों के चयनित डेलिगेट्स अपने – अपने विचारों का आदान – प्रदान करेंगे. जिसमें विश्व के 170 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

## 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा का गुलशने मदीना कमेटी के युवाओं ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड के मनोनित 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा का कोनरा पंचायत के गुलशन मदीना कमेटी के युवाओं ने शनिवार को जोरदार स्वागत किया। वहीं अध्यक्ष इकबाल रजा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की सरकार के द्वारा जो भी योजनाएं होगी। उसे धरातल पर उतारने का भरपूर प्रयास करूंगा। साथ ही उन्होंने कहा की अनुमंडलीय अस्पताल में सिजेरियन द्वारा भी प्रसव किया जाता है जो बिल्कुल निशुल्क है। जिसका सारा श्रेय स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला को जाता है। मौके पर अध्यक्ष शाहनवाज खान, सचिव कलाम खान, मो शमीम, हाफिज मो कलीमुद्दीन, मो मुस्ताक, मो अल्ताफ उर्फ सागर, वार्ड सदस्य अफरोज आलम उर्फ बबलू, मनीर खान, रफीक खान, मो अरबाज, मो जावेद, मो शहजाद, मो मुख्तार, मो हनीफ अंसारी, मो इसराफिल अंसारी, मो कलीम मिस्त्री, मो आशिक, मो तस्लीम, हाशमी रजा, मो सोनू, मीनू खान, मो हुसैन सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## पंचमाधव पंचायत भवन में सतर्कता समिति का किया गया पुनर्गठन, मुखिया नीलम देवी बनी अध्यक्ष

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत भवन में शनिवार को पंचायत स्तरीय सतर्कता समिति के पुनर्गठन के लिए मुखिया नीलम देवी के अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। जहां मुखिया नीलम देवी को सतर्कता समिति का अध्यक्ष मनो. नित किया गया। मुखिया नीलम देवी ने बताई की यह समिति किसी भी कार्यकारी प्राधिकारी के नियंत्रण से मुक्त है तथा केंद्रीय सरकार के अंतर्गत सभी सतर्कता गतिविधियों की निगरानी करता है। मौके पर जानकी यादव, नागेश्वर कुमार, नैना देवी, मनोज कुमार यादव, मीना देवी, शकुंतला देवी, फुलवा देवी, घनश्याम सिंह, प्रकाश ठाकुर, मिनेश ठाकुर, आशा रजक, पूनम देवी, कलावती देवी एवं अनीता देवी मौजूद थी।




## पशु व पालक के बीच ऐसा प्रेम न आपने कभी देखा और न ही कभी सुना होगा

### मालिक के साथ अटूट प्रेम को गाय ने अंतिम संस्कार तक रखा जिंदा, सभी विधान को निभाया

### चकित रह गए लोग, मालिक का शव देख बिलख उठी गाय, शव जलता रहा गाय के आंखों से बहता रहा आँसू







**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

वैसे तो इंसान का जानवर से प्यार करना कोई नई बात नहीं है। युगों से इंसान पशुओं से प्यार करता रहा है, दुनिया में कई सारे लोग हैं, जो जानवरों से बेहद प्यार करते है, कुछ लोग ऐसे भी है जो जानवरों से ऐसे प्यार करते है जैसे उनके परिवार का ही सदस्य हो लेकिन पशु का किसी इंसान के प्रति ऐसा अनोखा प्रेम न आपने कभी सुना होगा और न कभी देखा होगा। जी हां ऐसा ही अनोखा प्रेम चौपारण प्रखण्ड के चौथी स्थित श्मशान घाट में देखने को मिला जब चौथी निवासी मृतक मेवा लाल ठाकुर के अंतिम संस्कार में एकएका एक गाय आती और शव के पास पहुँच चारो तरफ घूमने लगती है। सबको लगा कोई आवारा जानवर है और उसे मार कर भागने का प्रयास किया जाने लगा परंतु लाठी खाने के बाद भी गाय शव से अलग नही हो पा रही थी। तभी कोई भीड़ से आवाज़ दिया कि ये तो मृतक मेवालाल का ही जानवर है जिसे उसने तंगहाली में कुछ दिन पूर्व ही पपरो में किसी के पास बेच दिया था। लोग कुछ समझ पाते गाय कफन से बंधे मृतक के पार्थिक शरीर के गोल गोल घूमने लगी, अपने पालक का चेहरा देखने के लिए बेचौन हो उठी। लोग समझ गए और मृतक का चेहरा खोल दिया। अपने मालिक का चेहरा देखते ही गाय अपने आवाज में जोर जोर से चिल्लाने लगी। मानो उसे पुकार रही हो उपस्थित लोग ये सब दृश्य देखकर कर अभिभूत थे। और तो और दाह संस्कार के दौरान जो कार्य एक मनुष्य करता है ओ सारा कार्य उस पशु ने भी किया। अपने मुंह से लकड़ी देना, मुखाग्नि के साथ खड़ा रहना और मनुष्यो के साथ चीता का पंचफेरी भी लगाया। जब तक शव जलता रहा, गाय पास में बैठकर आँशु बहाती रही, ये सब मार्मिक दृश्य देखकर सबके मन भावुक हो उठा सबके जुबाँ से एक ही बात निकल रहा था कि पशु और पालक के बीच ऐसा प्रेम आज तक न देखे और न ही कभी सुने है। ये सभी घटनाएं सब कोई अपने कैमरे में कैद करते दिखे। बताया जाता है कि मृतक मेवालाल का इस दुनिया मे कोई नही था। निःसन्तान मेवालाल ने इस गाय को अपने बेटे की तरह पाला पोसा व बड़ा किया था।

## परमवीर अब्दुल हमीद का 57 वां शहादत दिवस पेलावल में मनाया गया

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




पेलावल विकास मंच के बैनर तले परमवीर अब्दुल हमीद का 57 वां शहादत दिवस के मौके पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम का आयोजन मंच के संस्थापक सह संयोजक एम. हक भारती की अध्यक्षता में हुई। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य मंजू नंदिनी शामिल हुई। उन्होंने अपने संबोधन में परमवीर अब्दुल हमीद के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मात्र 32 वर्ष की आयु में ही उन्होंने देश की रक्षा के लिए वीरगति प्राप्त किए हमें सभी शहीद जवानों को सदा याद रखने की आवश्यकता है। एम हक भारती ने अपने संबोधन में परमवीर के सैन्य सेवा पर प्रकाश डाले। अब्दुल हमीद 27 दिसंबर 1954 को भारतीय सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट में भर्ती हुए।उन्होंने अपनी इस बटालियन के साथ आगरा, अमृतसर, जम्मू कश्मीर, दिल्ली और रामगढ़ में भारतीय सेना को अपनी सेवा दी। उन्होंने अपने सेवा में सैन्य सेवा मेडल, समर सेवा मेडल और रक्षा मेडल से सम्मान प्राप्त किया था। 8 सितंबर 1965 को पाकिस्तानी हमले में उन्होंने अपने गन माउंटेड जीप से ही सात पैटन टैंकों को ध्वस्त करने के पश्चात एक गोले के गिरने पर घायल हुए तथा 10 तारीख को शहादत का दर्जा प्राप्त किए। संबोधन के पश्चात परमवीर अब्दुल हमीद अमर रहे के नारों के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। उपस्थित व्यक्तियों में मुख्य रूप से चंद्रशेखर गुप्ता, ऐनुल हक मोहम्मद अरशद, रूबी देवी, शमीना खातून, रोजी परवीन, मो हसनैन (सुद्दू) ,मो शफीक, मो. माजीद, शिवा कुमार, विशाल कुमार, मो सरफराज, मो. रियाज, मो. गुलाम, मो.अरमान, गोलू कुमार, कमल कुमार एवं इंजमामुल हक भारती मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## भक्ति जागरण का विधायक ने किया उद्घाटन

### भक्ति जागरण से दूर होते हैं मन के विकार : विधायक अमित कुमार यादव

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम गयपहाड़ी में हर साल की भांति इस साल भी मां मनसा देवी पूजा का भव्य आयोजन हो रहा है इस अवसर पर सार्वजनिक मनसा पूजा समिति, पैसरा द्वारा आयोजित भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अमित कुमार यादव ने फीता काटकर व दीप प्रज्व. लित कर किया। उसके उपरांत विधायक ने माता के पंडाल में मां मनसा देवी के सामने माथा टेका और क्षेत्र के सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना कर क्षेत्रवासियों के लिए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक ने लोगों को संबो. धित कर कहा कि मां मनसा के पूजन से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। भक्तिमय जागरण से वातावरण शुद्ध होता है और लोगों में साकारात्मक ऊर्जा और विचार का संचार होता है। लोग सात्विक कर्म को लेकर प्रेरित होते हैं संगीत कार्यक्रम में बाहर से आए हुए कलाकारों ने सबका मन मोह लिया। कलाकारों ने देवा वो देवा गणपति देवा, तुने मुझे बुलाया शेरावालिए, शिर्डी वाले साई बाबा सहित एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर लोगों को झुमने पर मजबूर कर दिया। वहीं कलाकारों ने विभिन्न देवी-देताओ के रुप में जीवंत झांकी प्रस्तुत कर खुब वाहवाही बटोरी। मंच संचालन शिक्षक अरविंद प्रसाद ने किया। मौके पर बरकट्ठा प्रखण्ड उप प्रमुख सुरजी देवी, कांग्रेस नेता डॉ प्रकाश चौधरी,मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद , यमुना प्रसाद , छोटेलाल प्रसाद मेहता , पूर्व मुखिया रामचंद्र राम, महेंद्र प्रसाद , झब्बु चौधरी,अशोक रविदास , प्रदीप कुमार प्रसाद , अधिवक्ता बिनोद प्रसाद, परमेश्वर प्रसाद, पवन कुमार, राजकुमार चौधरी समेत अन्य गणमान्य लोग और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## नक्सल प्रभावित आधा दर्जन गांवों में राजपुर पुलिस ने चलाया पोस्ता के खिलाफ जन जागरूकता अभियान

### इस वर्ष किसी भी किम्मत पर नहीं होगी अफीम (पोस्ता) की खेती : थाना प्रभारी

### पोस्ता की खेती पर अब गूगल अर्थ एप एवं ड्रोन कैमरे से होगी निगहबानी






**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक इस वर्ष अफीम माफियाओं के द्वारा किए जाने वाले पोस्ता की खेती पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर लिए हैं।जिसके बाद उपायुक्त अबू इमरान एवं आरक्षी अधीक्षक राकेश रजंन के दिशा निर्देश पर लगातार पोस्ता न लगाने को लेकर ग्रामीणों के बीच जंगली क्षेत्रो,नक्सल प्रभवित क्षेत्रो में पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से थाना प्रसाशान लगातार जागरूक कर रही है।इसी दिशा में शनिवार को राजपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ने ग्राम बिरलुटूदाग एवं डुमरिया में अफीम से संबंधित होने वाले नुकशान एवं इससे आम ग्रामीणों पर होने वाले मुकदमे की जानकारी दिया।इसी क्रम में लोगो के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें अफीम का खेती को नहीं करने के लिए कई दिशा निर्देश दिए गए एवं अफीम की खेती करने से होने वाली हानियां एवं कानूनी प्रावधानों को समझाया गया।श्री पासवान ने कहा कि इस वर्ष चतरा पुलिस किसी भी कीमत पर अफीम की खेती नहीं होने देगी अफीम की खेती की निगरानी ड्रोन कैमरा एवं गूगल अर्थ ऐप के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।उन्होंने कहा कि इस बार अफीम की खेती करने पर पुरुषों पर तो मुकदमा दर्ज होगा ही घर की महिलाओं पर भी मुकदमा दर्ज हो सकता है।चुकी जब पोस्ता की खेती को लोग करते हैं तो महिला एवं पुरुष दोनों खेतो में जाकर पोस्ता को उपजाते है।उन्होंने थाना क्षेत्र के लोगो से आग्रह किया है कि इस बार पोस्ता की खेती से दूर रहें और जो भी बाहरी लोग खेती करने आतें है तो उन्हें भी खेती न करने दें।चुकी कहीं कहीं बाहरी लोग खेती करते हैं और केश में उस गांव के लोग फंसते है। इस अभियान में मूल रूप से थाना प्रभारी राजपुर विकास पासवान, एसआई विकास कुमार, एसआई दीप नारायण सिंह, वन विभाग के अमरेश गंजू एवं मुखीया पति बबलू कुमार भुइयाँ,के अलावा अन्य कर्मी एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे ।

## एसबीआई का मिनी ब्रांच खुला

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**




बरकट्ठा प्रखण्ड क्षेत्र के तुर्कबाद बाजार में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया घँगरी शाखा का ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव ने किया उन्होंने बैंक के कुशल संचालन के लिए संचालक इंद्रदेव प्रसाद यादव को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आज लोग बैंकों से अधिक से अधिक जुड़ रहे हैं। बैंकों में भी काम की अधिकता बढ़ गई है जिससे बैंक में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी भी बहुत व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से ग्राहकों को सभी बैंकिंग सुविधाएं आसानी से मिलेगी और वह भीड़भाड़ से बचते हुए अपने बैंकिंग कार्यो को निपटा सकेंगे। निश्चित तौर पर ग्रामीण क्षेत्र के छोटे मोटे राशि निकालने वाले ग्राहकों का काफी सुविधा होगा और बैंक का चकर नहीं काटना पड़ेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन सहित कई पेंशन के भुगतान और विद्यार्थीयों के लिए खाता खुलने में सहूलियत होगी।

## चौंपियन छात्रों को सम्मानित किया गया

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में पाठ्य सहायक क्रियाकलापों के तहत जुनियर छात्रों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता, जिलेबी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता कक्षा स्तर पर आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उनके बीच ऐसे प्रतियोगिताएं आवश्यक हैं जिनसे उनमें सफल होने की भावनाएं पनप सके ।सर्वश्रेष्ठ बच्चों को पुरस्कृत करते हुए प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि खेल की भावना के साथ जब बच्चों में जीत भावना आती है तो उनका अपने आप हो जाता है।पुरस्कृत बच्चों में सत्यम कुमार, शकिबुल हसन,अमन यादव, जयास कुमार, सुरज कुमार यादव, रुक्मिणी कुमारी, आयसा खातुन, शुभम कुमार, आदित्य कुमार, प्रिया कुमारी, आलोक कुमार, शिवानंद, आनिया कुमारी, कुदंन कुमार, दिपांशु, रिशि कुमार, जयवीर ठाकुर, अमिशा राना, अमन कुमार यादव आदि थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में खेल शिक्षक भोला राना, खेल शिक्षिका पुनम कुमारी, सुलेखा मोदी, रीता मुर्मू, मानती लकड़ा राधा देवी, अरुण कुमार, संजय कुमार यादव, काशीनाथ महतो कुलदीप पासवान का सराहनीय योगदान रहा।

## मवेशी चराकर लौट रही महिला की वज्रपात से मौत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


वज्रपात से मृत महिला का शव

विष्णुगढ़ में शुक्रवार की शाम वज्रपात से एक महिला की मौत हो गई। महिला मुनिया देवी (35) पति बरियार मांझी गो. विन्दपुर पंचायत अंतर्गत डुमरसुंघा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि वह अपने घर से कुछ दूर जानवर चराने गई थी। शाम लगभग छह बजे वापस लौटने के क्रम में हल्की बारिश के बीच हुए वज्रपात से महिला बेहोश हो गई। हो-हल्ला होने पर परिजन उसे विष्णुगढ़ सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया। शनिवार को मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया। उपप्रमुख सरयू साव ने आपदा राहत कोष से घटना को लेकर आश्रितों के लिए मुआवजा की मांग की है।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न

### शिक्षा पर जोर देने के लिए लिया गया आवश्यक निर्णय,





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : शनिवार को जैनपुर मे अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष श्री जीवलाल प्रसाद साहू वही संचालन जिला सचिव विद्यासागर आर्या ने किया। इस बैठक का उदेश्य जिला मे प्रत्येक माह जिला कार्यकारिणी बैठक, प्रखंड बैठक, पंचायत बैठक, गांव की बैठक नियमित करने पर चर्चा की गई। इस बैठक मे साहू सामाज को मजबूत करने पर विस्तृत रूप रेखा तैयार किया गया और सामाज को शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र मेंआगे बढ़ने के लिए कई निर्णय लिए ।जिला अध्यक्ष श्री जीवलाल साहू ने समाज को सम्बोधित करते हुए कहा की जिला कार्यकारिणी की बैठक तीन महीनों में एक बार , प्रखंड की बैठक प्रत्येक माह 1 तारीख को, पंचायत की बैठक प्रत्येक माह 5 तारीख को तथा गांव स्तरीय बैठक नियमित रूप से करने का निर्णय लिया गया साथ ही सामाज के प्रतिभावान छात्रों व सामाज के बने प्रतिनिधि को समाननीत करने का निर्णय लिया गया, सर्वसमिति से जिले मे एक बड़ी सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला संरक्षक देवनन्दन साहु, बढ़न साहु, धर्मेंद्र साहु, जिला कोषाध्यक्ष कन्हैया प्रसाद साहु, उपध्यक्ष मुकेश साहु, जिला सहसचिव आदित्य साहु, मुखिया कृष्णा साहु, सामरिया प्रमुख रोहन साहु, जिला परिषद सदस्य देवन्ति देवी, युवा अध्यक्ष श्रवण साहु, युवा उपाध्यक्ष सुधीर कुमार, भोला साहु,बिनोद साहु,जिला सह सचिव राजीव रंजन,चतरा नगर अध्यक्ष प्रकाश साहु, ग्रामीण अध्यक्ष गणेश नारायण साहु, युवा ग्रामीण अध्यक्ष, सदर सचिव दीपक कुमार गुप्ता,पवन साहु, इटखोरी अध्यक्ष सुधीर साहु, सचिव मनोज साहु,सिमरिया अध्यक्ष सेवा साव, गिधौर अध्यक्ष शशि गुप्ता, कान्हाचट्टी अध्यक्ष निर्मल साहु, टंडवा प्रखंड अध्यक्ष उत्तम साहु, मयूरहैण्ड अध्यक्ष महेंद्र साहु, हंटरगंज अध्यक्ष इंद्रदेव साहु, महिला जिला सचिव राखी गुप्ता एवं अन्य सैकड़ो समाज के लोग उपस्थित रहे।

## विष्णुगढ़ में शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का शहादत दिवस मना

### सूदखोरी व महाजनी कुप्रथा के खिलाफ क्षेत्र में की थी आवाज बुलंद

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


शनिवार को विष्णुगढ़ में शहीद महेंद्र प्रताप सिंह की बेदी पर श्रद्धांजलि देते कार्यकर्ता

झारखण्ड आंदोलनकारी शहीद महेंद्र प्रताप सिंह का 39वां शहादत दिवस शनिवार को मनाया गया। इस अवसर पर सातमील मोड़ स्थित उनकी बेदी पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा एवं झामुमो कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग कार्यक्रम कर शहादत दिवस मनाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि शहीद महेंद्र प्रताप सिंह सूदखोर महाजनी कुप्रथा के खिलाफ क्षेत्र में अपनी आवाज बुलंद की थी। शोषित, पीड़ित एवं समाज के दबे कुचले लोगों के उत्थान के लिए उनके संघर्ष को हमेशा याद किया जाएगा। स्व. टेकलाल महतो के साथ वे कदम से कदम मिलाकर चले। झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में भी उनकी सक्रियता सर्वविदित है। वर्तमान में हम सबों को उनके सुझाए मार्ग पर चलकर व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ पुनः एक जनक्रांति की जरूरत है। कार्यक्रम के पश्चात भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैठक कर आगामी 27 सितंबर को झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता पूर्व सांसद एवं मांडू के पूर्व विधायक स्व. टेकलाल महतो की पुण्यतिथि मनाने का निर्णय लिया। मौके पर झामुमो की ओर से जिलाध्यक्ष शंभुलाल यादव, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, राजू श्रीवास्तव, किशोरी महतो, अनंतलाल महतो, सुनील अकेला, गंगाधर महतो, देवीराम हेम्ब्रम, छोटेलाल बेसरा, सुनील सिंह, विष्णुधारी यादव मौजूद थे। वहीं, भाजपा की ओर से महादेव मंडल, गुरु प्रसाद साव, संतोष कुमार महतो, हिरामन महतो, राजेश सोनी, हरि यादव, जीवन सोनी, अंजु देवी, सीमा देवी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।







डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार